भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 2165

उत्तर देने की तारीख 12 मार्च, 2025 (बुधवार)

21 फाल्गुन, 1946 (शक)

प्रश्न

पूर्वोत्तर राज्यों में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र

2165. श्री दिलीप शइकीयाः

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सभी उत्तर पूर्व राज्यों में एक संतुलित स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उत्तर पूर्व क्षेत्र में स्टार्टअप के लिए उद्यम पूंजी, एंजल निवेश और ऋण सुविधाओं सहित वित्तपोषण की पर्याप्त पहुंच सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस क्षेत्र के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में महिलाओं और जनजातीय उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए कौन-कौन सी विशिष्ट योजनाएं या प्रोत्साहन आरंभ किए गए हैं?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) और (ख) सरकार ने नवाचार, स्टार्टअप को बढ़ावा देने और देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एक सुदृढ़ इकोसिस्टम बनाने के उद्देश्य से 16 जनवरी 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की।

पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 31 जनवरी 2025 तक डीपीआईआईटी द्वारा 2,109 संस्थाओं को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है। उन्हें नीचे सारणीबद्ध किया गया है:

राज्य	31 जनवरी 2025 तक जारी प्रमाणपत्र
अरुणाचल प्रदेश	55
असम	1514
मणिपुर	185
मेघालय	63
मिजोरम	44
नागालैंड	88

सिक्किम	13
त्रिपुरा	147
कुल	**2109**

उत्तर पूर्वी वित्त विकास निगम लिमिटेड (नेडफ़ी) उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफ़सी) है। नेडफ़ी भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के स्टार्टअप इकोसिस्टम के निर्माण में योगदान दे रहा है। नेडफ़ी ने तीन सेबी पंजीकृत उद्यम पूंजी कोष शुरू किए हैं और उनका प्रबंधन किया है। इसके अलावा, नेडफ़ी ने एनआरएल आइडिएशन एंजल फंड (एनआरएल आईएएफ़) शुरू करने के लिए नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) नामक पीएसयू के साथ अनुबंध किया है।

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने नेडफ़ी के माध्यम से नॉर्थ ईस्ट वेंचर फंड (एनवीईएफ़) बनाया था। एनईवीएफ़ के तहत अब तक 69 स्टार्टअप को लगभग 100 करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धता मिली है।

(ग) स्टार्टअप इंडिया के तहत पूर्वोत्तर राज्यों में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए डीपीआईआईटी द्वारा की गई पहलों की सूची इस प्रकार है:

1. **एसेंड स्टार्टअप कार्यशाला श्रृंखला और स्टार्टअप के लिए महिला कार्यशालाएं:** सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के उद्यमियों, आकांक्षी उद्यमियों और छात्रों के लिए स्टार्टअप कार्यशालाओं की एक श्रृंखला - एसेंड (एक्सेलेरेटिंग स्टार्टअप कैलिबर एंड एंट्रप्रेनेरियल ड्राइव) का आयोजन किया।
2. **ज्ञान का विनिमय और क्षमता निर्माण कार्यशालाएं:** डीपीआईआईटी ने राज्यों और संघराज्य क्षेत्रों के बीच अच्छी पद्धतियों के प्रसार और परस्पर सीखने के लिए ज्ञान का विनिमय कार्यशालाओं का आयोजन किया।
3. **स्टार्टअप इंडिया यात्रा पहल:** स्टार्टअप इंडिया ने राज्यों के ग्रामीण और गैर-मेट्रो क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 2017 में स्टार्टअप इंडिया यात्रा शुरू की।
4. **विंग:** डीपीआईआईटी के कार्यक्रम विंग के एक भाग के रूप में मौजूदा और आकांक्षी महिला उद्यमियों के लिए एक क्षमता विकास कार्यक्रम।
5. **जिला आउटरीच पहल:** डीपीआईआईटी भारत के प्रत्येक जिले में कम से कम एक डीपीआईआईटी-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप स्थापित करने का प्रयास करके उद्यमशीलता को बढ़ावा दे रहा है।

*****